हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 16 मई 2025

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

10 इंडस स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले....


10 लक्ष्य का तय कर बढ़ें आगे : गिल


## खबर संक्षेप

### 15.80 ग्राम हैरोइन के साथ महिला गिरफ्तार
**जींद।** सीआईए स्टाफ ने रोहतक रोड पर एक महिला को काबू कर कब्जे ये 15.80 ग्राम हैरोइन बरामद की है। शहर थाना पुलिस ने महिला के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि रोहतक रोड पर मिनी बाईपास पर बनने वाले चौक पर महिला नशीले पदार्थ के साथ खड़ी ग्राहकों का इंतजार कर रही है।

### कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल
**कैथल।** कैथल के सेक्टर 19 पार्ट 2 में कार की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। हूडा सेक्टर 19 के करीब 40 वर्षीय रामपाल ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 2 मई को जब वह सेक्टर 19 से जा रहा था तो एक अज्ञात कार चालक ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही चलते हुए उसे टक्कर मार कर घायल कर दिया।

### तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, किसान की मौत
**जींद।** लिजवाना खुर्द के निकट तेजरफ्तार कार की टक्कर से खेत से लौट रहे किसान की मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लिजवाना खुर्द निवासी हरि सिंह (68) बीती शाम को अपने खेत से घर लौट रहा था। वह खेत से सड़क पर कुछ ही दूरी पर चला था।

### चौकीदार को बंधक बना चोरी का आरोपित दबोचा
**कैथल।** कलायत क्षेत्र से एक डेयरी में चौकीदार को बंधक बनाकर सामान चोरी करने के मामले की जांच थाना कलायत पुलिस के एसआई शक्ति की टीम द्वारा करते आरोपी श्याम नगर जींद निवासी प्रीतम को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कलायत निवासी लीला राम ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### दो आरोपी से 2.46 ग्राम हेरोइन/स्मैक बरामद
**कैथल।** थाना चीका पुलिस द्वारा गांव कल्लर माजरा से 2 आरोपियों के कब्जे से 2.46 ग्राम हेरोइन/स्मैक बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव कल्लर माजरा निवासी जरनैल सिंह की शिकायत अनुसार गांव में नशा मुक्ति के लिए एक टीम बनाई हुई हैं, जिसमें गांव के बुर्जग, लड़के व महिलाएं नशा तस्करों को पकड़ने के लिए ठीकरी पहरा लगाते हैं।

### युवक को इंग्लैंड भेजने के नाम पर लाखों ठगे
**कैथल।** कैथल में चार आरोपियों ने एक युवक को इंग्लैंड भेजने के नाम पर 7 लाख 44 हजार रुपए ठग लिए। आरोपियों ने उसे वर्क वीजा लगवाने का भरोसा दिया, लेकिन विजिटर वीजा लगवा दिया। इस पर युवक ने विदेश जाने से मना कर दिया। जब आरोपियों ने अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी।

### एमपी के मंत्री विजय शाह का फूंका पुतला
**जींद।** उचाना उपमंडल कार्यालय धरनास्थल पर आप्रेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी पर अभद्र टिप्पणी करने पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह का किसान संगठनों ने पुतला फूंका। आजाद पालवां ने सरकार से मंत्री के खिलाफ देश द्रोह का मुकद्मा दर्ज एवं मंत्री पद से बर्खास्त व गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की।

### खरीदने के बहाने गारमेंट की दुकान से एक लाख उड़ाए
**कैथल।** कैथल के पूंडरी में एक गारमेंट की दुकान पर लोअर खरीदने आए युवक ने कैश बॉक्स से एक लाख रुपये चोरी कर लिए। आरोपी ने दुकानदार को बातों में उलझा लिया और कपड़े खरीदने लगा। जैसे ही दुकानदार सामान देने के लिए कुर्सी से उठा तो आरोपी ने कैश बॉक्स से पैसे उड़ा लिए है।

# कल से चलेगी चंडीगढ़ से हिसार के लिए ट्रेन, कैथल के यात्रियों को भी लाभ

## रेल मंत्रालय की ओर से करीब एक सप्ताह पहले ही दी थी मंजूरी

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

जिलावासियों का लंबे समय से चंडीगढ से हिसार की सीधी ट्रेन चलाने का इंतजार अब खत्म हो गया है। ऐसे में रेलवे की आरे से ट्रेन के संचालन की तिथि की घोषणा कर दी है। हालांकि शुरूआती दिनों में इस ट्रेन को ट्रायल के तौर पर चलाया जाएगा, लेकिन बाद में इसे नियमित कर दिया जाएगा। इस ट्रेन के संचालन को लेकर रेल मंत्रालय की ओर से करीब एक सप्ताह पहले ही इसे मंजूरी दी गई थी। वहीं, इस ट्रेन की करीब डेढ़ महीने पहले ही समय सारिणी भी जारी की गई थी।


**कैथल।** रेलगाडी की फाइल फोटो।

इस ट्रेन के शुरू होने के बाद अब कैथल ही नहीं, बल्कि फतेहाबाद व हिसार के रेल यात्री ट्रेन के माध्यम से चंडीगढ़ जा सकेंगे। यह ट्रेन अंब अंदौरा से अंबाला तक चलने वाली 64563-64 मेमू ट्रेन है, जिसका विस्तार किया गया है। यह ट्रेन रात के समय हिसार के लिए और सुबह के समय चंडीगढ़ की तरफ जाएगी। ट्रेन के संचालन की घोषणा के बाद रेल यात्री कल्याण समिति ने सांसद नवीन जिंदल व रेल मंत्रालय का आभार जताया है। इस ट्रेन के संचालन की मांग पर करीब दो महीने पहले कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने रेलवे से इसके संचालन की मांग की थी। इसके बाद ट्रेन संख्या 64563-64 अंब अंदौरा मेमू ट्रेन के संचालन के लिए अंबाला के डीआरएम ने रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा था। बोर्ड ने इसे अनुमति देने के बाद रेल मंत्रालय में भेज दिया। इसके बाद मंत्रालय ने भी इसे मंजूरी दे दी थी। यह ट्रेन अंब अंदौरा से हिसार के रायपुर हरियाणा जंक्शन तक चलाई जाएगी। इस ट्रेन के संचालन के बाद कैथल और कुरुक्षेत्र ट्रेन के माध्यम से हिसार से जुड़ जाएगा। समय सारिणी अनुसार ये ट्रेन चंडीगढ़ से कुरुक्षेत्र, कैथल होते हुए नरवाना से जाखल के रास्ते हिसार जाएगी। इससे कैथल और आसपास के गांव के लोगों को चंडीगढ़ व हिसार जाने के लिए ट्रेन की सुविधा मिलने लगेगी। वह बस से कम किराये में हिसार व चंडीगढ़ आ-जा सकेंगे।

### ट्रायल बेस पर चलाया जाएगा
कैथल के रेलवे स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि रेलवे की चंडीगढ़ से हिसार के बीच ट्रेन के संचालन को मंजूरी मिल चुकी है। रेलवे की ओर से 17 मई से इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा। शुरूआत के दिनों में इसे ट्रायल बेस पर चलाया जाएगा। इसके बाद इसे नियमित कर दिया जाएगा। इसके संचालन से कैथल के आसपास के लोगों को हिसार और चंडीगढ़ जाने के लिए एक और ट्रेन मिल जाएगी।

### समय सारणी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 19:25 | 19:35 | अंबाला | 07:20 | 07:40 |
| 20:08 | 20:30 | कुरुक्षेत्र | 05:55 | 06:10 |
| 21:02 | 21:04 | कैथल | 04:48 | 04:50 |
| 21:45 | 21:55 | नरवाना | 04:10 | 04:20 |
| 23:20 | 23:30 | जाखल | 03:40 | 03:50 |
| 23:58 | 00:00 | उकलाना | 03:00 | 03:02 |
| 00:20 | 00:35 | बरवाला | 02:45 | 02:47 |
| 01:05 | | रायपुर हरियाणा जंक्शन | 02:25 | |


गांव खुरडा में अवैध कब्जा हटवाते नपा प्रशासन व पुलिस हटाए अवैध कब्जे का दृश्य।

# नपा ने खुरडा में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

शहर के वार्ड नंबर 5 में गांव खुरडा में गांव की फिरनी पर लोगों द्वारा अवैध कब्जे किए हुए थे। जिस पर नपा प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने मिलकर अवैध कब्जे हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान ड्यूटी पर मजिस्ट्रेट बिजली बोर्ड के एसडीओ योगेश कुमार को नियुक्त किया गया। जिनकी निगरानी में यह कार्यवाही की गई। नपा सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा गांव की फिरनी के साथ-साथ अवैध कब्जा कर रखा था। जिस पर सरकार व उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश पर नपा प्रशासन राजौंद ने ड्यूटी मैजिस्ट्रेट योगेश कुमार की अगुवाई में जेसीबी मशीन से अवैध कब्जे हटवाएं गए। कहा कि बहुत जल्द पूरे राजौंद को अवैध कब्जे से मुक्त किया जाएगा। सचिव ने कहा कि नगर पालिका कि जमीन, गालियों, सड़कों पर अवैध कब्जे कर रखे हैं वह अपने आप अवैध कब्जों को हटा ले,अन्यथा मजबूरी में नगर पालिका राजौंद द्वारा उन अवैध कब्जो, गली में बने हुए चबूतरे, सीडियां, गली में बने हुए रैंप,अवैध बने हुए मकानों को हटवाया जाएगा। ड्यूटी मैजिस्ट्रेट योगेश कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देश अनुसार नपा राजौंद के वार्ड नंबर 5 गांव खुरडा से अवैध कब्जा हटाया गया है। यह सभी कारवाई शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गई। पूरी कार्यवाही में मौके पर पुलिस थाना राजौद के अधिकारी, महिला व पुरुष पुलिस कर्मी मौजूद रहे। इस दौरान सब इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि नपा प्रशासन राजौंद द्वारा वार्ड पांच खुरडा गांव की फिरनी से अवैध कब्जा हटाया गया है। अवैध कब्जा हटाने का कार्यक्रम शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया है। ड्यूटी मजिस्ट्रेट एसडीओ बिजली विभाग राजौंद योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## कार्रवाई से नाराज दुकानदारों के बीच पहुंचे डॉ. मिड्ढा, दी सांत्वना

# एचएसवीपी अधिकारियों पर सख्त हुए डिप्टी स्पीकर, बोले-दादागिरी दिखाने का शौक है क्या

### बगैर नोटिस के किसी भी गरीब की दुकान या वैकल्पिक व्यवस्था को उजाड़ा तो होगी कार्रवई

### जरूरतमंद व्यापारियों की दुकानों को अचानक हटवाना बहुत ही गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद की दीवान खाना मार्केट में एचएसवीपी विभाग अधिकारियों द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कड़ा संज्ञान लिया है। गुरूवार को डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा जरूरतमंद व छोटे दुकानदारों के बीच पहुंचे और सांत्वना दिया। यहां एचएसवीपी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। इन अधिकारियों की मौजूदगी में डा. मिड्ढा ने स्पष्ट कहा कि जब कार्रवाई के दौरान लोग अपना दुख जता रहे थे और बिना नोटिस की कार्रवाई की बात कर रहे थे तो अधिकारियों को भी कार्रवाई रोकनी चाहिए थी। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि दादागिरी दिखाने का शौक है क्या अब कार्रवाई से जो इन दुकानदारों को नुकसान हुआ है वो इसे अपनी तरफ से भरेंगे। छोटे व जरूरतमंद व्यापारियों की दुकानों को अचानक हटवाना बहुत ही गलत है। इससे उनके परिवारों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। क्योंकि एक दुकान से पूरा परिवार चलता है। यहां तक की लोग कर्ज लेकर दुकान लगाते हैं। गौरतलब है कि बुधवार को एचएसवीपी विभाग के अधिकारियों ने पालिका बाजार, दीवाना खाना मार्केट में फड़ों को तोड़ने का काम किया था। हालांकि कार्रवाई को रूकवाने के लिए दुकानदार गिडगिडाते रहे लेकिन कार्रवाई नही रोकी। इस कार्रवाई को रूकवाने के लिए दुकानदार डिप्टी स्पीकर आवास पर पहुंचे थे। दुकानदारों का आरोप है कि बिना नोटिस दिए कार्रवाई की है। उन्हें एक घंटे तक का भी समय नही दिया गया। अब वह अपने बच्चों को क्या खिलाएंगे। कैसे उनका पेट भरेंगे। प्रशासन उनके साथ नाइंसाफी कर रहा है। फड़ वालों के बीच पहुंचे डिप्टी स्पीकर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा गुरूवार को फड़ दुकानदारों के बीच पहुंचे और उनसे बातचीत की। यहां छोटे दुकानदारों ने अपना दुख व्यक्त करते कहा कि एचएसवीपी विभाग के अफसरों ने बिना किसी नोटिस के रोजगार पर लात मारी है। डिप्टी स्पीकर ने चेताया कि अगर आगे बिना किसी नोटिस के किसी गरीब की दुकान या वैकल्पिक व्यवस्था दिए उजाड़ा गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


**जींद।** डिप्टी स्पीकर के समक्ष अपना दु:ख व्यक्त करते दुकानदान।


**जींद।** एचएसवीपी अधिकारियों को साथ लेकर बैठे डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

### सरकार गरीब हितैषी
भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व डबल इंजन की हरियाणा सरकार नायब सैनी के नेतृत्व में गरीब कल्याण व गरीबों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए कार्य कर रही है। इस कार्य में अगर कोई विघ्न डालता है तो उसे बर्दाश्त नही किया जाएगा।

### विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 27 लाख हड़पे
**जींद।** युवक को इंग्लैंड भेज वहां पर कंपनी में अच्छी खासी सैलरी का झांसा देकर साढ़े 27 लाख रुपये हडपने का मामला सामने आया है। युवक इंग्लैंड भी गया लेकिन कंपनी नही मिली। जब वापस लौट कर रुपये वापस मांगे तो आरोपित ने लौटाने से मना कर दिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। गांव निडाना निवासी सतबीर ने शिकायत में बताया कि जून 2023 में उसकी मुलाकात गांव खरकगागर निवासी राहुल से हुई थी। जिसने बताया कि वह युवकों को विदेश भेजने का काम करता है। राहुल की बातों में आकर उसने बेटे साहिल को इंग्लैंड भेजने की बता कही। जिसकी एवज में राहुल ने साढे 27 लाख की डिमांड की। आरोपित ने उसके बेटे को वीजा पर इंग्लैंड भेज कर एक कंपनी में 3200 पाउंड सैलरी दिलाने की बात कही थी।

# सीएम फ्लाइंग ने सब्जी मंडी में मारा छापा, 290 किलो पॉलीथिन बरामद

■ नगर परिषद ने दुकानदार को लगाया 25 हजार रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग तथा नगर परिषद की संयुक्त टीम ने वीरवार को सब्जी मंडी में एक दुकान पर छापेमारी कर 290 किलोग्राम पॉलीथिन बरामद किया है। नगर परिषद ने दुकानदार को 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। साथ ही टीम ने दुकानदार को पॉलीथिन प्रयोग करते पाए जाने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि पॉलीथिन के प्रयोग पर प्रतिबंध होने के बाद भी उसका प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। सेक्टर आठ निवासी सुभाष ने अपनी नई सब्जी मंडी स्थित दुकान में पॉलीथिन का भंडारण किया हुआ है और मार्केट में भी बेच रहा है। सूचना के आधार सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर बिजेंद्र, सतपाल, चरण सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें नगर परिषद के सचिव सुमित कुमार, सब इंसपेक्टर नीलम को शामिल किया गया।



### फतेहपुर की पंचायत ने खेत की जमीन बेचकर जुटाए 18.37 लाख
**पूंडरी।** गांव फतेहपुर में पंचायत ने खेत की जमीन के 4 प्लॉटों की खुली बोली पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से पूरी की गई। प्रक्रिया बीडीपीओ जगजीत सिंह, सरपंच सोहन लाल वर्मा, व पंचायत के अन्य प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सम्पन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी भाग लिया। नीलामी के दौरान चारों प्लॉटों की कीमतें निम्नलिखित रहीं, प्लॉट नंबर 1-5,70,000, प्लॉट नंबर 2-4,32,000, प्लॉट नंबर 3-6,50,000, प्लॉट नंबर 4-1,85,000। इस मौके पर पंचायत देवेंद्र शर्मा, पंच सदस्य राजेश, राजकुमार, अरुण, बॉबी, राम, मेहर, दयाकिसान, सुरेंद्र शर्मा, और पारस वालिया मौजूद रहे। सभी ने एकमत से प्रक्रिया को सराहा और इसे पंचायत की पारदर्शिता व विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 2.31 करोड़ रुपये हड़पे

■ साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर ठगों ने बैंक से सेवानिवृत कर्मी को शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर दो करोड़ 31 लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भगत सिंह चौक नरवाना निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बैंक से सेवानिवृत कर्मी है। गत दस अप्रैल को उसके व्हाट्सअप पर संदेश आया। जिस पर रमेश लिखा हुआ था। उसने अपना दोस्त रमेश चौधरी जानकर चैट करनी शुरू कर दी। जिसके बाद उसने शेयर ब्रोकर अनूप मेहरा का नंबर दिया। जिसने बताया कि शेयर मार्केट में अच्छा मुनाफा है। उसने निवेश में हुए फायदे के स्क्रीन शॉट भी भेजे। जिसके बाद उसने एक फाइल भेजी। जिसे उसने डाउनलोड कर लिया। जिसके माध्यम से उसने अपनी जानकारी भर कर रजिस्ट्रेशन करवा लिया। 16 अप्रैल से उसने 50 हजार रुपये एनएफटी से डालने शुरू किए। राशि निवेश का सिलसिला नौ मई जारी रहा। निवेश राशि 50 हजार से चार लाख 70 हजार तक रही। निवेश के साथ उसका अच्छा मुनाफा साइट पर दिखाया जाता रहा। वह नौ मई तक 2. 31 करोड का निवेश कर चुका था। जब उसने राशि निकालने की कोशिश की तो उसे प्रोफिट का 20 प्रतिशत यानि एक लाख 66 हजार 821 रुपये जमा कराने के लिए कहा। जिस पर उसे धोखाधड़ी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जींद: नागरिक अस्पताल का डीजी हैल्थ आज करेंगे दौरा

■ स्वास्थ्य अधिकारियों ने डीजी हैल्थ के दौरे को लेकर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीजी हैल्थ डा. अनिल बिरला शुक्रवार को कायाकल्प कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल का दौरा करने आएंगे। डीजी हैल्थ अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट रूम का निरीक्षण करेंगे। इस समय स्वास्थ्य विभाग का केवल यही फोक्स है कि अस्पताल में आने वाले लोगों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। इसके साथ ही युद्ध जैसी स्थिति के दौरान लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटकना न पड़े, इसको लेकर मंथन किया जा रहा है। भारत-पाक युद्ध में विराम हो चुका है। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग अपने अमले को मजबूत करने में लगा हुआ है। आए दिन स्वास्थ्य उच्च अधिकारी वीसी कर संबंधित जिलों के सीएमओ को स्वास्थ्य सेवाओं की वृद्धि को लेकर दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को डीजी हैल्थ डा. अनिल बिरला नागरिक अस्पताल में निरीक्षण करने आ रहे है। उनका फोक्स अस्पताल में तैयार करवाए जा रहे प्राइवेट रूम पर है।

# जुलाना : गेहूं का उठान नहीं होने पर आढ़तियों ने जड़ा मंडी गेट को ताला

■ आढ़तियों ने प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे की अनाज मंडी में गेहूं की फसल का उठान नही होने के कारण आढ़तियों ने मंडी के गेट पर ताला जड़ दिया। आढ़तियों ने प्रशासन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। वीरवार को आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पवन कुमार के नेत्तृत्व में आढ़ती एकत्रित हुए। आढ़तियों ने मंडी के चारों गेटों पर ताला जड़ दिया और मार्केट कमेटी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। आढ़तियों की मांग है कि उठान के काम में तेजी लाई जाए। बार बार गुहार लगाने पर भी उठान के काम में तेजी नही लाई जा रही है। आढ़तियों ने सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। मंडी में अब तक 10 लाख 645 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है।


**जुलाना।** मंडी के गेट के बाहर ताला जड़ते आढ़ती। *फोटो :हरिभूमि*

### तीन घंटे लगा रहा मंडी गेट पर ताला
जुलाना की अनाजमंडी में आढ़तियों ने मंडी के चारों गेटों पर एक बजे ताला लगाया था। आढ़तियों द्वारा ताला लगाने की सूचना पाकर जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह मौके पर पहुंचे और आढ़तियों को उठान के काम में तेजी लाने का आश्वासन दिया तो आढ़तियों ने चार बजे मंडी के गेटों का ताला खोल दिया।

### जींद में 25 तक ड्रोन उड़ाने पर लगाया प्रतिबंध
**जींद।** जिले में ड्रोन, मानव रहित हवाई वाहन, यूएवी के उपयोग पर 25 मई तक पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंध अवधि के दौरान कोई ड्रोन या मानव रहित हवाई वाहन को उडाता मिलता है तो उसके खिलाफ कड़ी पुलिस कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस की तरफ से एडवाइजरी भी जारी की गई है। एसपी कुलदीप सिंह ने सभी थाना तथा चौकी प्रभारियों को अपने-अपने इलाका में ऐसे उडन आब्जेक्टों पर नजर रखने के आदेश दिए हैं। अवधी के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों, सीआरपीएफ, राज्य पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ द्वारा ड्रोन तथा उडान आब्जेक्टों उपयोग करने पर छुट रहेगी। जिला पुलिस ने यह कदम राष्ट्रहित मे हरियाणा सरकार के आदेशो पर उठाया है। एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि 25 मई तक ड्रोन व अन्य उडन आब्जेक्ट पर रोक लगाई गई है।

## खबर संक्षेप

### खेत से सोलर पैनल बिजली मोटर चोरी

**जींद।** गांव दनौदा कलां खेतों से चोरो सोलर पैनल, केबल तथा बिजली मोटर को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा कलां निवासी धर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से आठ सोलर पैनल कंडक्टर, बिजली मोटर, केबल को चोरी कर लिया।

### 7,15,229 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक

**जींद।** जिले में रबी सीजन की गेहूं फसल की खरीद का कार्य विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा सुचारू रूप से जारी है और अनाज मंडियों में खरीदी गई फसल के त्वरित उठान के लिए प्रशासन पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि संभावित वर्षा जैसी प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों से फसल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा भंडारण पर अतिरिक्त दबाव न पड़े।

### पात्र परिवार उठाए दयालु योजना का लाभः डीसी

**जींद।** जिला के सभी पात्र परिवार दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) का लाभ उठाएं। दयालु हरियाणा सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। यह योजना परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या स्थायी विकलांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता देती है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि दयालु योजना का मकसद पात्र परिवारों को सामाजिक.वित्तीय सुरक्षा देना है।

### ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन आज

**जींद।** स्टेट लेवल टास्क फोर्स स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, शहरी के वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र की अध्यक्षता में 16 मई को स्थानीय डीआरडीए हॉल में सायं 3:30 बजे ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद वाइस चेयरमैन नगर परिषद के तृतीय तल स्थित कोफ्रेंस हाल में सायं 4:30 बजे जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यशाला में भाग लेंगे और स्वच्छता रखने के प्रति अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देंगें।

### इतना आसान नही है संसार से मोक्ष

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण न्यास के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने नरवाना कहा कि यदि संसार से हमारी आत्मा के मोक्ष प्राप्त करने का काम इतना सरल होता तो वर्तमान सृष्टि का सृजन हुए लगभग पौने दो अरब वर्ष व्यतीत हो चुके हैं। अभीतक हम इस संसार में नहीं होते पिछले दिनों अकायावर नाम का विश्व प्रसिद्ध संत उसके शिष्य तनुधर को कहता है कि मुझे परमात्मा की भक्ति से मेरे पिछले सात जन्मों से ब्रह्म ज्ञान प्राप्त है।

### डाकघर का ताला तोड़कर इन्वर्टर और बैटरी चोरी

**जींद।** गांव मुआना में बीती रात चोरों ने डाकघर का ताला तोड़ कर इन्वर्टर तथा बैटरी को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मुआना निवासी काजल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के डाकघर में बीपीएम के पद पर कार्यरत है।

### जागरूकता सेमिनार का किया आयोजन

**जींद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में प्रधानाचार्य नरेश कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट के प्रति जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्यातिथि के तौर पर जिला नागरिक अस्पताल के पोषण विशेषज्ञ डा. सुरेन्द्र कुमार ने शिरकत की।

### राजकीय महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन

**नरवाना।** राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्रीय कैडेट कॉर्प एवं रेड क्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में भारत के दिशा निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन एवं नशा मुक्ति जागृति अभियान के अंतर्गत व्याख्यान आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने संदेश में युद्ध एवं आपातकाल में राष्ट्र सेवा के लिए सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वालो को सम्मानित किया

# इंडस स्कूल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में रोड शो निकाला

### रोड शो के दौरान विद्यार्थियों को खुली गाड़ी में बैठाकर पूरे क्षेत्र में घुमाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा ने सीबीएसई कक्षा 10वीं व 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में रोड शो निकाला। यह रोड शो क्षेत्र में शिक्षा के प्रति एक नई प्रेरणा बना। इस अवसर पर स्कूल ने बोर्ड परीक्षा 2024 में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया। कक्षा 10वीं व 12वीं में 95 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। जिनमें से 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि का जश्न मनाने हेतु स्कूल प्रबंधन ने विशेष रूप से इन छात्रों के घर-घर जाकर उनके माता-पिता को सम्मानित करने का निर्णय लिया। स्कूल की प्राचार्या, अध्यापकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्यों की टीम ने


जींद। रोड शो में मौजूद बच्चे। फोटो :हरिभूमि

एक-एक विद्यार्थी के घर पहुंच कर उनके माता-पिता का फूलमाला और मिठाई भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अभिनव प्रयास का उद्देश्य न केवल छात्रों की मेहनत को मान्यता देना था बल्कि उनके पीछे खड़े अभिभावकों की निस्वार्थ मेहनत, त्याग और प्रेरणा को भी समाज के सामने लाना था। कई स्थानों पर विद्यार्थियों के मोहल्ले में भी लोगों ने तालियों व पुष्प वर्षा से इस पहल का स्वागत किया। रोड शो के दौरान विद्यार्थियों को खुली गाड़ी में बैठाकर पूरे पिल्लूखेड़ा क्षेत्र में घुमाया गया। जहां स्कूल ने खूब धूम के साथ उनके नामों की घोषणाएं की गईं। जगह-जगह लोग घरों से बाहर आकर इन होनहार छात्रों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। इंडस पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सुरेंद्र माडोत्रा ने इस अवसर पर कहा कि हमारे लिए यह एक बहुत गर्व का क्षण है। आज हमारे विद्यार्थी न केवल स्कूल बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। हम यह मानते हैं कि सफलता में केवल छात्र ही नहीं उनके माता-पिता और शिक्षकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। विद्यालय शिक्षकों ने बताया कि आने वाले समय में भी इस प्रकार की प्रेरणात्मक गतिविधियां लगातार आयोजित की जाती रहेंगी ताकि हर विद्यार्थी के मन में लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा बनी रहे। इस आयोजन ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की बल्कि पूरे समाज को यह संदेश दिया कि जब मेहनत, मार्गदर्शन और परिवार का सहयोग एक साथ होए तो असंभव भी संभव हो सकता है।

# लक्ष्य को तय कर बढ़ें आगे : गिल

- रिषिकुल पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया


प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करने के बाद मिठाई खिलाते स्कूल प्रबंधक राजीव गिल।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

नरवाना रोड स्थित रिषिकुल पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 10वीं,12वीं की परीक्षाओं में अव्वल रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह में प्रिंसिपल राजीव गिल ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को भविष्य में इसी तरह मेहनत कर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नरवाना रोड स्थित रिषिकुल पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। दसवीं और 12वीं कक्षा के छात्रों ने बेहतरीन अंक प्राप्त किए। दसवीं में तमन्ना गोयत पुत्री प्रदीप गोयत ने 95.6 % अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तनिक खटकड़ पुत्री सुरेश ने 92.8 % अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व प्रियंका पुत्री जोगिंद्र ने 90 % अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। दसवीं कक्षा में कुल 55 छात्रों ने परीक्षा दी। जिसमें से 24 बच्चों ने मैरिट में स्थान बनाया। प्रिंसिपल राजीव गिल ने अच्छे परीक्षा परिणाम के साथ-साथ बच्चों के लिए संपूर्ण गतिविधियों का आयोजन समय-समय पर करता रहता है।


नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सोलर लगवाने पर मिलेगा अनुदान

**जींद।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पांच हजार की आबादी से अधिक वाले गांव में अत्यधिक सौलर पैनल लगवाने वाले गांव को केंद्र सरकार की ओर से एक करोड़ रूपए की अनुदान राशि दी जाएगी। केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। अंत्योदय परिवार जिनकी सालाना आय 1.80 लाख से कम है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है, वे दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 50 हजार रुपये अनुदान यानि कि कुल 1.10 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपये तक है व जिनकी सालाना बिजली खपत 2400 युनिट तक है वो परिवार दो किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 60 हजार रुपये व हरियाणा सरकार की ओर से 20 हजार रुपये का अनुदान यानी कि कुल 80 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद तीन किलोवाट तक का सोलर पैनल लगवाने पर भारत सरकार की ओर से 78 हजार का अनुदान दिया जाएगा।

### दबलैन स्कूल में बच्चों को सम्मानित किया

**नरवाना।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित हुए ।इस परिणाम में जींद जिला प्रथम स्थान पर रहा। परिणाम में दबलैन गाँव के राण्व माण विद्यालय का भी नाम उल्लेखनीय है। यह स्कूल इसी सत्र में अपग्रेड हुआ था। स्कूल इसी सत्र से आर्ट्स व कॉमर्स संकाय शुरू किए गए। बारहवीं में आर्ट्स और कॉमर्स संकाय का परिणाम भी शत.प्रतिशत रहा। कक्षा में कुल 25 विद्यार्थी थे ।जिनमें से कुल 13 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की और 12 बच्चे फ़र्स्ट डिवीजन से पास हुए हैं। स्कूल का परिणाम 100: रहा। विद्यालय में आर्ट्स में प्रथम स्थान मानसी पुत्री होशियार सिंह ने 468६500 अंक प्राप्त करके प्राप्त किया। द्वितीय स्थान बंटी पुत्री ऋषिपाल ने 434 अंकए व तृतीय स्थान प्रियंका पुत्री बलवान सिंह ने 432 अंक लेकर प्राप्त किया।


अलेवा। सीएचसी अलेवा पहुंची सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली व अन्य।

### स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के निर्देश

**अलेवा।** सीएचसी अलेवा के कई दिनों से जच्चा को खाना नहीं मिलने के मामले में सुर्खियों में रहने के बाद बुधवार को सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली सीएचसी अलेवा पहुंची तथा स्वास्थ्य केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचसी में मिली खामियों को लेकर चिकित्सा प्रभारी को दुरस्त करने के निर्देश दिए। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने बताया कि जींद में कार्यभार संभाले एक महीना होने को है तथा रूटीन में सभी स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा कर निरीक्षण करने में लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में जो भी खामियां सामने आई हैं।

### पूर्व छात्रों ने अनुभव सांझे किए

**जींद।** हिंदू कन्या कालेज में पूर्व छात्रों की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें साल 2023-24 की पास छात्राओं ने शिरकत की। छात्राओं ने काफी संख्या में इस कार्यक्रम में पहुंचकर अपना उत्साह दिखाया। साल 2021-22 में दाखिला प्राप्त छात्राओं ने कालेज में बिताए तीन वर्षों का अनुभव सांझा किया। छात्राओं ने गीत व नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। सरस्वती मां के आह्वान द्वारा कार्यक्रम की प्रारंभता हुई। महाविद्यालय की कुलगीत की प्रसूति में छात्राएं एवं समस्त पंडाल ने खड़े होकर उसका सम्मान किया। प्राचार्या ने उद्बोधन में छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी व बताया की पूर्व छात्रा किसी भी भविष्य की रीढ़ होते हैं जिनके आधार पर कालेज प्रेरणाप्रद होकर निरंतर आगे बढ़ता है। महाविद्यालय की वर्ष 1993 से 94 की पूर्व छात्रा डा. गीता गुप्ता व अंजलि गुप्ता ने अतिथि रूप में इस सभा में शिरकत की।



जींद। प्रस्तुति देते हुए छात्रा। फोटो :हरिभूमि


जींद। कार्यक्रम में मौजूद किसान नेता। फोटो :हरिभूमि

### महेंद्र सिंह टिकैत को दी श्रद्धांजलि

**जींद।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि शिव कॉलोनी स्थित किसान भवन में जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई। भाकियू नेताओं ने स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत को याद किया। भारतीय किसान यूनियन के युवा जिला अध्यक्ष बिंद्र नंबरदार, राजेंद्र पहलवान, प्रकाश राजपुरा भैण, जयवीर लोहान, रामफल बाबा, चंद्र बीबीपुर और जिला प्रेस प्रवक्ता रामराजी ढुल पोंकरीखेड़ी ने कहा कि टिकैत ने देश के किसानों को एक ही माला में पिरोकर संगठित किया था। टिकैत ने राष्ट्रपति भवन से लेकर विदेशों तक की यात्रा साधारण चप्पलों में की थी। टिकैत डब्ल्यूटीओ का विरोध करने के लिए मई 1999 में देश के 700 किसानों के साथ यूरोप के 11 देशों में एक महीने की यात्रा पर हुक्के के साथ पहुंचे थे।

### डिप्टी एमएस ने किया मेले का शुभारंभ

**जींद।** हुडा ग्राउंड में दुबई थीम कार्निवल मेले की शुरूआत हुई। मेले के शुभारंभ पर नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने शिरकत की और रिबन काट कर मेले की शुरूआत की। यह मेला आगामी एक जून तक आयोजित किया जाएगा। यहां शहर के लोगों के लिए मेले में कई तरह के स्टॉल, झूले लगाए गए हैं। इस बार इस मेले की खासियत यह है कि मेले की थीम दुबई शहर पर है। इसके साथ ही लोगों को जागरूकता करने के लिए भी मेले में कई तरह के आइटम पेश किए जा रहे हैं। मेले के शुभारंभ पर डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि आज भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अपने लिए कुछ पल निकाल लें तो मानसिक बीमारियों से बच सकते हैं। ऐसे में यह मेले बहुत कारगर साबित होते हैं। इन मेलों में परिवार सहित आकर लोग परेशानियों को भूल जाते हैं और कुछ पल सकून के बिताते हैं।



जींद। मेले का शुभारंभ करते डा. भोला। फोटो :हरिभूमि


जींद। नशे के खिलाफ शपथ लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में एंटी ड्रग कमेटी के तत्वावधान में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा उन्हें नशा मुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने, समझने की क्षमता को नुकसान पहुंचाता है। थोड़े समय में यह तनाव से मुक्ति तथा खुशी का एहसास तो कराता है लेकिन नशा व्यक्ति को इस हद तक अपने वश में कर लेता है कि व्यक्ति वास्तविक जीवन में किसी अन्य चीज से आनंद नहीं ले पाता और वह इसका आदी होकर आखरिकार गुलाम हो जाता है। एंटी ड्रग कमिटी के संयोजक डा. रणधीर सिंह ने सभी विद्यार्थियों तथा उपस्थितजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।


नरवाना। बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### एसडीएम ने की प्राचार्यों के साथ बैठक

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में समाजसेवी संस्थाओं एवं शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई । स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में बुधवार को आयोजित इस बैठक में एसडीएम जगदीश चंद्र ने नागरिक सुरक्षा संगठन के तहत अधिकाधिक युवाओं को वॉलिंटियर यानी स्वयंसेवक के रूप में अपना पंजीकरण करवाने का आह्वान किया। एसडीएम ने संबंधित विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी आपदा के दौरान अपना बचाव एवं राहत कार्यों में सकारात्मक योगदान देने के लिए युवाओं का स्वयं सेवक की ट्रेनिंग लेना अत्यंत जरूरी है। नरवाना में आगामी 16 मई को एस डी पब्लिक स्कूल में नागरिक सुरक्षा संगठन के सौजन्य से प्रातः 9रू00 बजे विशेष शिविर लगाया जाएगा।

# एसपी मेमोरियल स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में एसपी मेमोरियल स्कूल जींद का परिणाम बहुत शानदार रहा। जिससे विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय का दसवीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा विद्यालय के 35 % बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की होनहार छात्रा जानवी पुत्री जितेंद्र व शौर्य पुत्र जयभगवान ने क्रमशः 462 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगेश व हितेषी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खुशी मोर व खुशी तृतीय स्थान पर रहे। यशपाल व तमन्ना ने चौथा स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के अध्यक्ष बीएस गर्ग ने सभी बच्चों को वह उनके अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने सभी बच्चों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जानवी के पिता जितेंद्र सहारण ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेरी बेटी नर्सरी कक्षा से इस विद्यालय में पढ़ रही है और उसने बिना किसी ट्यूशन के इतना अच्छा मुकाम हासिल किया है। जिसका पूरा श्रेय विद्यालय के चेयरमैन बीएस गर्ग को, प्रिंसिपल को और सभी मेहनती और लगनशील स्टाफ मेंबर्स को जाता है। शौर्य के पिता जय भगवान ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ चरित्र और अनुशासन की तरफ भी विशेष ध्यान दिया जाता है।


जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कॉमर्स में जिले का सिरमौर बना आधारशिला

**जींद।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम के उपलक्ष में आधारशिला स्कूल में छात्रों एवं अभिभावकों के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि की भूमिका में अभिभावकों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लगातार पिछले वर्षों की तरह इस साल भी आधारशिला स्कूल के छात्रों ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा परिणाम में अपना लोहा मनवाया। विद्यालय के 12वीं कक्षा के छात्र अक्षित गर्ग ने कॉमर्स संकाय में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे जींद जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया। कला संकाय में पीयूष एवं श्रेष्ठा ने संयुक्त रूप से 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान सुनिश्चित किया। रितेश पूनिया ने नॉन मेडिकल में 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला सूची में जगह बनाई।

## वार्ड नंबर 18 के सफीदों रोड पर कार मार्केट में गली का किया उद्घाटन

# शहर में तेजी से विकास कार्य हो रहे: गोविंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

नगर परिषद द्वारा वार्ड नंबर 18 में चल रहे विकास कार्य के निमित कार मार्केट में गणपति कार डेकोरेशन से लेकर सैनी महापंचायत ट्रस्ट कार्यालय तक नवनिर्माण गली का उद्घाटन चेयरपर्सन प्रतिनिधि नगर परिषद गोविंद सैनी ने किया। इस मौके पर वर्तमान वार्ड पार्षद एडवोकेट प्रदीप सिंगरोहा मौजूद रहे। गली के निर्माण में 10 लाख की लागत आएगी। इस दौरान गोविंद सैनी ने बताया कि नगर परिषद द्वारा सभी वार्डों में समान विकास कार्यों को लेकर रूपरेखा के मुताबिक


जींद। गली का उद्घाटन करते गोविंद सैनी। फोटो :हरिभूमि

विकास किया जा रहा है। नगर परिषद जींद द्वारा लगातार नगर ओर जींद शहर को भव्य और सुंदर बनाने के लिए प्रयासरत है। गोविंद सैनी ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने जैसे पूरे हरियाणा में विकास कार्यों की लहर चलाई है, उसी तरह सीएम नायब सैनी के कार्यों की तर्ज पर जींद नगर परिषद भी विकास कार्यों को लेकर कोई कोर कसर नही छोड़ रही है। शहर में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। शहर के विकास के लिए करोड़ों रुपये के टेंडर नगर परिषद जींद द्वारा लगा दिए गए हैं। जिसके चलते अनेकों जगह विकास कार्य होंगे। जिसमें गली निर्माण, ग्रीन बैल्ट, पार्कों तथा सड़कों की दशा सुधारना है। जींद में अगर सफाई व्यवस्था की बात की जाए तो बहुत ज्यादा फर्क देखने को मिल रहा है। नगर परिषद जींद निरंतर सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए विषेश रूप से चेयरपर्सन डा अनुराधा सैनी के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाती है एवं इस मामले में किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने के आदेश दिए हैं। तिरंगा लाइट से शहर की सुंदरता को चार चांद लगा दिए हैं। सैनी महापंचायत ट्रस्ट के प्रदेश संयोजक विजय ने बताया कि जब से यह मार्केट बनाई गई थी।

### ये रहे मौजूद

उप प्रधान नगर परिषद प्रतिनिधि हरविंदर कौशिक, पार्षद प्रदीप सिंगरोहा, सतीश हरियाणवी पार्षद, विजय, एडवोकेट मनदीप ढांडा, अशोक मिस्त्री, विनोद, हवा सिंह सैनी, सोनू, रमेश, संजय, कुलदीप वर्मा, भीम सैनी, अजय निरंजन, गौरव पसरीजा, मुरारी मिस्त्री, धर्मबीर दलाल के साथ अनेकों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।


जींद। महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या न करने की शपथ दिलाते हुए।

### महिलाओं को दिलाई शपथ

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के तहत गांव जाजवान में ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह व महिला स्वास्थ्य सुपरवाइजर ईशवंती देवी की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया गया और पीएनडीटी एक्ट की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है,ऐसा कभी नही करना चाहिए। यदि बेटियां ही नही होंगी तो बहुएं कहां से आएंगी। एक बेटी दो घरों की शान होती है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटियों की सुरक्षा, उच्च शिक्षा, भ्रूण हत्या को रोकना और लिंग अनुपात संतुलित करना है। हमें अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा देकर आगे बढने का मौका देना चाहिए ताकि वह आत्मनिर्भर बन कर प्रतिष्ठित जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अव्वल हैं। बेटी मां बन कर सृष्टि की रचना करने जैसा पवित्र काम करती है।

## खबर संक्षेप

### सीधी बिजाई पर किसान गोष्ठी का आयोजन

**कैथल।** चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र, कैथल के केंद्र के प्रांगण में मिट्टी पानी जांच एवं धान की सीधी बिजाई पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. बलवान सिंह मंडल ने की।

### पैसे इन्वेस्ट करवाने के नाम पर धोखाधड़ी

**कैथल।** थाना शहर कैथल में इन्वेस्ट के नाम पर राशि अधिक देने के आरोप में 16449 ठगने का मामला दर्ज किया है। अर्जुन नगर कैथल की काजल ने शहर पुलिस को दी शिकायत में रोक लगाया है कि 11 मई को उसके पास एक व्यक्ति का फोन आया। आरोपी ने उसे पैसे इन्वेस्ट करवाते हुए दोगुना देने का आश्वासन दिया। वह उसकी बातों में आ गई तथा उसे कहने पर उसने 3000 इन्वेस्ट कर दिए जो उसने बढाकर दे दिए। बाद में उसके साथ ठगी की गई।

### श्री साई रसोई सेवा समिति कैथल ने लगाया भंडारा

**कैथल।** श्री साई रसोई सेवा समिति कैथल द्वारा लगातार 16वें महीने भी 66वां साप्ताहिक साई लंगर प्रसाद सेवा का आयोजन उसी उत्साह, श्रद्धा और संकल्प के साथ किया जा रहा है, जिस भावना के साथ यह सेवा शुरू की गई थी।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगाया स्वास्थ्य शिविर

**कलायत।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की तरफ से वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवबन के उप स्वास्थ्य केंद्र तितरम में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित शिविर का लक्ष्य बुजुर्ग आबादी को समुचित स्वास्थ्य जांच उपचार एवं जागरूकता प्रदान करना रहा। सीएचओ डा.वीरेंद्र सिंह की देखरेख में स्वास्थ्य निरीक्षक कुलदीप सिंह, महिला स्वास्थ्य निरीक्षक सुदेश कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### एकमुश्त निपटान योजना का लाभ उठाएं

**कैथल।** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त कैथल सीमा बिडलान ने बताया कि आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा व्यापारियों को राहत देते हुए कुल सात अधिनियमों के तहत बकाया राशि के भुगतान के लिए एकमुश्त निपटान योजना, 2025 की शुरूआत की है। यह योजना एक अप्रैल, 2025 से शुरू होकर 180 दिनों के लिए लागू रहेगी।

### शिकायत निवारण फोरम की बैठक 19 को : सोमबीर

**कैथल।** उत्तर हरियाणा वितरण बिजली वितरण निगम कैथल के अधीक्षक अभियंता सोमबीर भालोठिया ने बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की बैठक 19 मई को यूएचबीवीएन कार्यालय कैथल के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होगी। इस मौके पर शिकायतें सुनी जाएगी।

---

### एमडीएन ग्लोबल स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# दसवीं में शगुन बनी स्कूल टॉपर, वत्सल गोयल द्वितीय व तजिंदर पाल तृतीय रहे

### तजिंदर पाल ने प्राप्त किया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



**कैथल।** शिक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रबंधक गौरव गर्ग और प्राचार्य डॉ. संत कौशिक। फोटो: हरिभूमि

शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं (सत्र 2024-25) के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों की अभूतपूर्व सफलता और अनुकरणीय प्रदर्शन को पूरे गौरव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ, जिसे स्कूल के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, चेयरपर्सन निधि कांसल, प्रबंधक गौरव गर्ग तथा प्राचार्य डॉ. संत कौशिक ने संयुक्त रूप से संपन्न किया। यह दृश्य छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष कुल 234 विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा दी, जिनमें से 99.1 प्रतिशत छात्र सफल घोषित हुए। कुल 146 छात्रों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा दसवीं की छात्रा शगुन ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वत्सल गोयल ने दूसरा तथा तजिंदर पाल ने तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय की प्रतिष्ठा को और ऊँचाइयों पर पहुंचाया। सम्मान और प्रेरणा के संगम के साथ टॉप 3 विद्यार्थियों को विशेष रूप से ह्यसम्मान की पगड़ीह्ल, विशिष्ट ट्रॉफी, फूलों की माला और ब्रांडेड साइकिल भेंट की गई। अन्य सभी मेधावी छात्रों को ट्रॉफी और मालाओं से अलंकृत कर उनके परिश्रम को सराहा गया। मंच पर सम्मान प्राप्त करते समय विद्यार्थियों के चेहरे गर्व और आत्मविश्वास से दमक रहे थे। इस समारोह में गर्वित अभिभावकों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भावनात्मक एवं ऊजार्वान बना दिया। बच्चों की उपलब्धियों पर अभिभावकों की आंखों में खुशी और संतोष की चमक देखने लायक थी। विद्यालय प्रांगण में मिठाइयों का वितरण कर सभी ने इस सफलता का सामूहिक उत्सव मनाया।

#### शिक्षकों को सराहा

विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा, यह परिणाम न केवल छात्रों की मेहनत का फल है, बल्कि शिक्षकों की निष्ठा, अभिभावकों के सहयोग और स्कूल की उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली का परिणाम भी है।

#### छात्रों को दी बधाई

प्रबंधक गौरव गर्ग और प्राचार्य डॉ. संत कौशिक ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षकों को धन्यवाद प्रकट किया और कहा कि, एम डी एन ग्लोबल स्कूल एक शिक्षण संस्थान ही नहीं, बल्कि एक विचार हैकृजो हर छात्र को श्रेष्ठ बनाने की दिशा में सतत प्रयासरत है।

---


**पूंडरी।** हिताशी बूरा को सम्मानित करते हुए प्राचार्या प्रवीण ढिल्लो व विद्यालय स्टाफ।

## ध्रुव स्कूल की छात्रा हिताशी ने किया टॉप

- विद्यालय प्रबंधन ने दी 11,000 की नकद सम्मान राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर-पूंडरी को अत्यंत गर्व है कि उसकी मेधावी छात्रा हिताशी बूरा, निवासी गांव भाणा ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे पूंडरी हल्के में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हिताशी ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। हिताशी की इस अभूतपूर्व सफलता के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें 11,000 की नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। इस समारोह में विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षकगण, अभिभावक, सहपाठी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्या प्रवीण ढिल्लो ने हिताशी को बधाई देते हुए कहा हिताशी जैसी प्रतिभाएँ हमारे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। यह सफलता केवल अंक प्राप्त करने की नहीं, बल्कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर मेहनत की कहानी है। हमें गर्व है कि ऐसी होनहार छात्रा हमारे विद्यालय का हिस्सा है।

विद्यालय प्रबंधन ने हिताशी के माता-पिता को भी बधाई दी और इस उपलब्धि में उनके सहयोग को सराहा। साथ ही, सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे हिताशी से प्रेरणा लें और अपने लक्ष्य की ओर सतत प्रयास करते रहें। विद्यालय के इस गौरवपूर्ण पल ने पूरे गांव भाणा और पूंडरी क्षेत्र में उत्साह और गर्व की भावना भर दी है।

---

## ओएसडीएवी विद्यालय कैथल में मेधावी छात्र अलंकरण समारोह आयोजित


**कैथल।** ओएसडीएवी विद्यालय कैथल में प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

ओएसडीएवी विद्यालय कैथल में मेधावी छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया।

#### अभिनंदन किया

इसमें दसवीं व बारहवीं कक्षा के उन छात्रों का पुष्प अभिनंदन किया गया जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में 90% या उससे अधिक अंक अर्जित किए। सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणामों में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।12वीं में कुल 287 छात्रों में से साठ छात्रों ने 90% या इससे अधिक अंक प्राप्त किए और दसवीं में 382 छात्रों में से 177 छात्रों ने 90% या उससे अधिक अंक अर्जित किए थे। इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ ने छात्रों के साथ-साथ अध्यापकों एवं अभिभावकों के अनथक प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए यह गर्व का विषय है कि हमारे छात्र मानविकी, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में जिले में टॉपर रहे हैं। हम सब के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और अगले सत्र में इससे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कृतसंकल्प हैं।

---

## जाट शाइनिंग स्टार स्कूल का परिणाम शानदार

- 10वीं कक्षा में विद्यालय की मेरिट सूची में कुल 18 बच्चों ने अपना नाम दर्ज करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


**कैथल।** 10वीं और 12वीं में अव्वल रहे जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल, कैथल के 10वीं और 12वीं कक्षा के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 10वीं कक्षा में विद्यालय की मेरिट सूची में कुल 18 बच्चों ने अपना नाम दर्ज करवाया है। शायना ने 95 % अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है, भावना ने 90.8% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया है और तृप्ति ने 89.8% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

12वीं कक्षा के कला संकाय में सुनैना ने 98% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डोली शर्मा ने 95.4% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कुशल ने 92.8% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कॉमर्स में घनश्याम ने 89.2% के साथ प्रथम, गरिमा मौन ने 86.8% द्वितीय तथा परीक्षित ने 75.8% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विज्ञान में दीपांशी शर्मा ने 82.8% अंकों के साथ प्रथम, खुशी ने 80.2% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान तथा मयंक ने 77.6% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

#### 12वीं में 15 बच्चे मेरिट लिस्ट में

12वीं कक्षा में कुल 15 बच्चों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। शेष छात्रों ने प्रथम श्रेणी में अपनी परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता ने छात्रों को इस शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। जिला अतिरिक्त उपायुक्त एवं प्रशासक, जाट हाई स्कूल सोसाइटी श्री दीपक बाबू लाल कारवा ने भी छात्रों को बधाई दी।

---



### टॉपर अर्पणदीप सिंह पंजाबी अध्यापक एवं भाषा प्रचार प्रसार सोसायटी ने किया सम्मानित

**कैथल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्यों माजरा के छात्र अर्पणदीप सिंह ने कुल 500 में से 497 व पंजाबी विषय में से 100/100 अंक प्राप्त करके प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर पूरे जिले का नाम रोशन कर दिया।विभिन्न संगठनों द्वारा विद्यार्थी का सम्मान किया जा रहा है। पंजाबी अध्यापक एवं भाषा प्रचार प्रसार सोसायटी इकाई कैथल द्वारा अर्पणदीप सिंह को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चीका में सम्मानित किया गया। सोसायटी के वरिष्ठ मेंबर पूर्ण सिंह वड़ैच, जिला अध्यक्ष बलविंदर सिंह सरायो,जिला सचिव निशान सिंह गिल एवं अन्य पंजाबी अध्यापकों ने अर्पणदीप सिंह व उसके माता पिता को बधाई दी।विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया गया।सोसायटी की तरफ से अर्पणदीप सिंह को प्रशंसा पत्र व 12000/- रुपए नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजिंदर सिंह, लफटैन सिंह शेरगिल, तेजिंदर सिंह, सतिंदरपाल सिंह,सुखबीर शर्मा,अमनदीप सिंह, परमजीत कौर, अनीता, बूटा सिंह आदि उपस्थित थे।

---

## खाद्य पदार्थों में मिलावट खतरनाक

- खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट के प्रति जागरूकता सेमिनार लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल


**कैथल।** कृषि विशेषज्ञ डा. नेहा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल।

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग हरियाणा द्वारा युवा गतिविधियों के तहत खंड कैथल के युवाओं के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट के प्रति जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के युग में जानकारी ही सबसे बड़ा हथियार है। जो नौजवान जागरुक है वही सफलता की सीढ़ियां चढ़ सकता है इसलिए हमें प्रत्येक कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा दी गई जानकारी को पूरे मन लगाकर के सुनना व देखना चाहिए और उस पर अमल करना चाहिए। डॉ नेहा आहार विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केंद्र कैथल ने कहा कि आज हम खाद्य पदार्थों में मिलावट और जागरूकता के विषय में चर्चा करने जा रहे हैं। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है क्योंकि खाद्य पदार्थों में मिलावट हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा खतरा हो सकती है। खाद्य पदार्थों में मिलावट एक बहुत बड़ा खतरा है, खाद्य पदार्थों में मिलावट के कारण हमें कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है, जैसे कि खाद्य विषाक्तता, एलर्जी, पाचन संबंधी समस्याएं, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। हमें जागरूकता बढ़ानी होगी, उपभोक्ताओं को शिक्षित करना होगा, और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच करनी होगी। नियमों और कानूनों का पालन करना होगा आइए, हम एक साथ काम करें और खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ लड़ें और मिलावट के इस जिन्होंने अपराध को रोकने के लिए समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाऐं।

---




**कैथल।** एडवोकेट टैक्स बार एसोसिएशन को पंजीकरण पत्र सौपते हुए।

### एडवोकेट टैक्स बार एसोसिएशन का बार कौंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा से हुआ पंजीकरण

**कैथल।** एडवोकेट टैक्स बार एसोसिएशन की विशेष बैठक एक निजी होटल में हुई जिसमें चंडीगढ़ से एडवोकेट अजय चौधरी सदस्य बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा तथा गुरुग्राम से एडवोकेट राजेश गुप्ता एवं एडवोकेट दीपक कटारिया विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर एडवोकेट टैक्स बार एसोसिएशन को बार कौंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा से पंजीकृत प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। यह प्रमाण पत्र बार के अध्यक्ष संजय कुमार सिंघला को औपचारिक रूप से सौंपा गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे जिनमें विशेष रूप से एडवोकेट जितेन्द्र भटनागर उपाध्यक्ष, एडवोकेट नीरज गुप्ता महासचिव, एडवोकेट सचिन डुडेजा संयुक्त सचिव, एडवोकेट राकेश गर्ग कोषाध्यक्ष के अतिरिक्त एडवोकेट्स अशोक गोयल, प्रदीप शर्मा, अरविंद मल्होत्रा, राहुल शर्मा, दलबीर तमक, मयंक शर्मा, जेसी गुप्ता, राजीव चौधरी, मनमोहन गर्ग, मुकेश गर्ग एवं अन्य सदस्य शामिल रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार सिंघला ने इस उपलब्धि के लिए बार कौंसिल का धन्यवाद किया तथा एडवोकेट अजय चौधरी का कैथल में पधारने एवं बार को पंजीकृत करवाने में सहयोग के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। एडवोकेट अजय चौधरी ने एसोसिएशन को विश्वास दिलाया कि बार कौंसिल में जब भी कैथल बार की किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी वे सदैव बार के साथ खड़े रहेंगे।

---

## तीन दिवसीय निःशुल्क नशा मुक्ति मेडिकल कैंप का आयोजन



**कैथल।** नशा मुक्ति अभियान तहत 15 से 17 मई तक पुलिस व शाह अस्पताल कैथल के सहयोग से कलायत स्थित अम्बेडकर भवन में निशुल्क नशा मुक्ति मेडिकल केम्प का आयोजन किया गया। जो वीरवार को दोपहर 2 बजे कैंप का शुभारंभ डीएसपी कलायत ललित कुमार द्वारा किया गया। नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए मदद चाहने वाले व्यक्तियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा भी दी गई। जो मौके पर डॉक्टर एम एस शाह, थाना कलायत एसएचओ एस आई जयभगवान, शाह अस्पताल से डॉक्टर आरिफ अब्दुला व डाक्टर संदीप व अन्य डाक्टरों की टीम तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस दौरान डीएसपी ललित कुमार ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा लगातार आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। एएसआई ओमप्रकाश व एचसी सुनील की टीम विभिन्न स्थानों पर लगातार आमजन को जागरूक कर रही है। पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत करवाना।

---

### देवबन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में आयोजन

# मच्छर जनित बीमारियों से बचाव को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

कलायत के गांव देवबन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में मलेरिया एवं डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियों से बचाव को लेकर विशेष जन-जागरूकता अभियान जारी है। अभियान का संचालन चिकित्सा अधिकारी डा.राजेश मेहरा और स्वास्थ्य निरीक्षक कुलदीप चहल की निगरानी में हो रहा है।

अभियान में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीन कार्यरत एमपीएचडब्लयू और आशा कार्यकर्ता संजीदगी से अपनी जिम्मेवारी का निवर्हन कर रहे हैं। गांव देवबन में कुल छह टीमों का गठन किया गया। टीमें घर-घर जाकर ग्रामीणों को मलेरिया और डेंगू के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान लोगों को इन रोगों के लक्ष्णों, कारणों, उपचार और विशेष रूप से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। उप स्वास्थ्य केंद्र देवबन पर कार्यरत राजीव एमपीएचडब्ल्यू बताया कि मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों की रोकथाम में स्वच्छता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। साफ-सुथरे वातावरण से ही इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। अभियान के दौरान यह भी विशेष रूप से बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह रविवार को सूखा दिवस के रूप में मनाया जाए। ताकि घरों और आसपास के क्षेत्रों में कहीं भी पानी इक_ा न हो सके, जो मच्छरों के प्रजनन का मुख्य कारण होता है। ग्रामीणों को प्रेरित किया गया कि वे पुराने बर्तन, टूटे गमले, कूलर, टायर और अन्य स्थानों पर जमा पानी को नियमित रूप से साफ करें।


**कलायत।** गांव देवबन के उप स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत राजीव एमपीएचडब्ल्यू लोगों के सैंपल लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### बुखार पीड़ितों के रक्त की स्लाइड बनाई

अभियान के अंतर्गत बुखार से पीड़ति व्यक्तियों की पहचान कर उनकी रक्त पट्टिकाएं बनाई गईं। इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा जाता है। इसका उद्देश्य समय रहते रोग की पहचान कर उचित उपचार उपलब्ध कराना है। ताकि किसी भी संभावित महामारी की स्थिति से पहले ही निपटा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों का उद्देश्य केवल सेवा प्रदान करना नहीं बल्कि लोगों को उनके स्वास्थ्य अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग बनाना भी है। गांव के लोगों ने इस अभियान में सकारात्मक रूचि दिखाई और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। अभियान की सफलता का श्रेय समर्पित स्वास्थ्य टीम और ग्रामीणों की सहभागिता को जाता है। भविष्य में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवबन इस प्रकार के जनहितकारी अभियानों को निरंतर आयोजित करता रहेगा।

---

### कार चालक ने किया सड़क किनारे खड़े युवको को कुचलने का प्रयास

**कैथल।** कैथल के कलायत में एक कार ड्राइवर ने सड़क किनारे खड़े युवकों को कुचलने का प्रयास किया। मामला आपसी झगड़े का है। कार ड्राइवर ने अपनी कार से युवकों को सीधी टक्कर मार दी। गनीमत रही कि इसमें किसी को गंभीर चोटें नहीं आई, युवक समय रहते एक तरफ हट गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। घटना बस स्टैंड के सामने स्थित एक ढाबे के बाहर की है। वहां दो गुटों में जमकर लात-घूसे चले। करीब एक दर्जन युवक आपस में भिड़ गए। इसी दौरान एक युवक गाड़ी में सवार होकर आया और खड़े युवाओं पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। इसके बाद कुछ युवाओं ने गाड़ी में तोड़फोड़ शुरू कर दी। गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि पहले कुछ युवक गाड़ी में आए थे। फिर दोनों गुटों में झगड़ा शुरू हो गया।

## खबर संक्षेप



### सागर गोयल को सम्मानित किया

**नरवाना।** सीबीएसई के 10वीं के परिणाम में एसडी पब्लिक स्कूल के छात्र सागर गोयल पुत्र सुरेश कुमार ने बोर्ड परीक्षा में 98.2% अंक प्राप्त करने पर स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित किया। स्कूल ने 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया। सागर के साथ अभिवावक सुरेश कुमार, भारत भूषण गर्ग पूर्व प्रधान, खजांची लाल सुरेश गोयल, विजय शर्मा मौजूद रहे।

### पेयजल समस्या को लेकर पार्षदों ने खोला मोर्चा

**कैथल।** पार्षदों ने समस्याओं को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग में डेरा जमा लिया है। पार्षद सुशीला शर्मा ने कहा कि विभाग भ्रष्टाचार का अड्डा बनकर रह गया है। उनके वार्ड में आठ माह से पाइप लाइन अधर में पडी है, लेकिन अधिकारी एसी की हवा खा रहे हैं। जनता से कोई सरोकार नहीं है। सीवरेज भी ठप्प पडा है। पीने का पानी आधा घंटा ही आता है। वार्ड 11 से 14 तक का कनेक्शन जींद रोड से होना था उसका कोई अता पता नहीं है।

### अंत्योदय कल्याण का सपना होगा साकार

**नरवाना।** सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने सरकारी नौकरियों में डीएससी समाज को आरक्षण देने पर सीएम का आभार जताया। पीएम मोदी का एकमात्र सपना उद्देश्य और स्लोगन समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सभी मूलभूत सुविधाएं देना है। सुप्रीम कोर्ट में डीएससी समाज को नौकरियों में आरक्षण के मामले में की गई ठोस पैरवी से समाज को आरक्षण संभव हो पाया है।

### पुलिस टीम पर फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** एटीएम उखाड़ने की कोशिश करने तथा पुलिस टीम पर गोली चलाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एटीएम उखाड़ने की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर आरोपी अस्पताल के पास खड़ी पिकअप में सवार होकर फरार हो गए थे। पीछा करने पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर हमला किया था। फर्श माजरा गांव की गली में घुसी तथा तलाशी पर भी नहीं मिली। इस मामले में पुलिस पांच आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है।

### तीन जुलाई से 9 अगस्त तक अमरनाथ यात्रा

**पूंडरी।** श्री बर्फानी सेवा मंडल के पूंडरी शाखा के सचिव हर्ष सेठी ने बताया कि अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी। पवित्र यात्रा 38 दिनों तक निर्बाध रूप से जारी रहेगी। देशभर की 533 बैंक शाखाओं में श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया जोरों पर है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में हिमलिंग का जल्द अंतर्ध्यान होने से कई श्रद्धालु दर्शन से वंचित रह जाते थे।

राहत: डीजी हेल्थ ने वीसी में दिए निर्देश

# नागरिक अस्पताल में निजी अस्पताल की तरह मिलेगी प्राइवेट रूम की सुविधा

**सरकारी अस्पताल के प्राइवेट रूम में एसी, फ्रिज, टू सिटर सोफा व अन्य साजोसामान की सुविधा पहले 100 रुपये में मिलता था प्राइवेट रूम, मरीज के नहीं लेने पर किए बंद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नागरिक अस्पताल में तैयार करवाए प्राइवेट रूम। फोटो: हरिभूमि।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध करवाए जाने वाले प्राइवेट कमरे निजी अस्पतालों के प्राइवेट कमरों को मात देते हुए नजर आएंगे। स्वास्थ्य विभाग के डीजी हैल्थ डा. अनिल बिरला ने बुधवार को प्रदेशभर के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंस (वीसी) की। वीसी के माध्यम से निर्देश दिए गए कि प्राइवेट अस्पतालों की तरह ही अस्पताल में बनाए गए प्राइवेट रूम नजर आने चाहिएं। इन रूम में सभी सुविधाएं मरीज के लिए उपलब्ध होनी चाहिए। स्वास्थ्य अधिकारियों के दिशा-निर्देशों पर पुरानी बिल्डिंग में पांच कमरे तैयार करवाए गए हैं। हालांकि अभी यह कमरे नॉन एसी हैं लेकिन जल्द ही इन कमरों एसी भी इंस्टॉल करवाए जाएंगे। जिसके लिए प्रपोजल तैयार करवाया जा रहा है। इन कमरों की सुविधा के लिए मरीज को 500 रुपये प्रतिदिन का चार्ज भी देना होगा। हालांकि पहले यह चार्ज केवल 100 रुपये थे।

### कमरों के सामान का प्रप्रोजल हो रहा तैयार : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि प्राइवेट कमरों के लिए डीजी हैल्थ ने जो दिशा-निर्देश दिए हैं, उस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर पांच कमरों को तैयार करवाया गया है। जो 500 रुपये के प्रतिदिन चार्ज पर मरीजों के लिए उपलब्ध होंगे। अब कमरों में एसी, फ्रिज, टू सिटर सोपु सहित अन्य साजोसामान की खरीद को लेकर बजट तैयार करवाया जा रहा है।

### पुरानी बिल्डिंग के तीसरे तल पर पांच कमरे तैयार

प्रदेश स्वास्थ्य निदेशालय के आदेश पर पुरानी बिल्डिंग में तीसरे तल पर पांच कमरों को तैयार करवाया गया है। इन कमरों में अटैच बाथरूम हैं और बैड लगवाए गए हैं। इन पांच कमरों में से एक कमरा वीआईपी के लिए रिजर्व रहेगा ताकि कोई भी इमरजेंसी आती है तो प्राइवेट कमरे की सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। यहां नए बैड, पर्दे व वॉशरूमको सही करवा दिया गया है।

### डीजी हेल्थ ने कमरे तैयार करने के दिए निर्देश

नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। यहां सौ बैड पुरानी बिल्डिंग तथा 100 बैड नई बिल्डिंग में मरीजों के लिए उपलब्ध हैं। काफी समय पहले केवल सौ रुपये में मरीजों को प्राइवेट कमरे उपलब्ध होते थे लेकिन डिमांड न होने के चलते इन कमरों की लोग सुविधा नही ले रहे थे। डीजी हैल्थ डा. अनिल बिरला ने निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए प्राइवेट कमरे तैयार करवाए जाएं ताकि जिन्हें इन कमरों की जरूरत हैं वो ले सकें। इन कमरों में एसी, पर्दे, छोटा फ्रिज, बैटने के लिए टू सिटर सोफा सेट व अन्य साजोसामान होना चाहिए ताकि यह कमरे प्राइवेट अस्पतालों के कमरों को मात दें।

## स्वास्थ्य जागरूकता पर सेमिनार आयोजित




**राजौंद।** गांव जाखौली में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेनू चावला के अनुसार आदर्श स्कूल, जाखौली में स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। सीएमओ डॉ. संदीप ने कहा कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान को बढ़ावा देना था, साथ ही कैंसर क्षय रोग टीबी और गैर-संक्रामक रोग जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि के प्रति छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को जागरूक करना रहा। इस दौरान डॉ. संदीप सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारी दी और बताया कि समय पर जांच और सही जीवनशैली से इन बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने टीबी की पहचान, उपचार और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने डॉ.संदीप और स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की इच्छा जताई।


जींद। शिकायतें सुनते हुए एडीसी विवेक आर्य।

## समाधान शिविर में एडीसी ने 17 शिकायतों को निपटाया

- जिले में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को आयोजित किए जा रहे हैं समाधान शिविर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में एडीसी विवेक आर्य की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में कुल 17 शिकायतों को सुना गया। सभी विभागों के अधिकारी को समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। एडीसी ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों में न भटकना पड़े।

शिविर के दौरान एडीसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बरसात से पूर्व सभी मैनहोल की नियमित सफाई कर ली जाए ताकि नागरिकों को वर्षा ऋतु में जलभराव और सीवरेज ओवरफ्लो जैसी समस्याओं का सामना न करना पड़े। समाधान शिविर में आए नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं।

गांव खेड़ीसफा से सतबीर ने आय प्रमाण पत्र में सुधार, मुआना से नीरज ने विधवा पेंशन की मांग, शामलो कलां से सतबीर ने वृद्धावस्था पेंशन, गांव खोखरी से मोहन ने अविवाहित पेंशन पुनः चालू करवाने तथा गांव निम्नाबाद से शीतल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अनुदान राशि की मांग की। एडीसी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारीयों को समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर एसडीएम सत्यवान मान, सीईओ जिप अनिल दून, सीटीएम डा. आशीष देशवाल, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स ने बैठक कर जताया रोष

- 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में लेंगे बढ़चढ़ कर भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक में भाग लेते हुए पैंशनर्ज। फोटो: हरिभूमि

अक्षर भवन में रिटायर्ड कर्मचारी संघ की बैठक प्रधान विक्रम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन सचिव राजकुमार श्योकंद ने किया। बैठक में राज्य कमेटी की ओर से छज्जू राम नैन व आजाद पांचाल ने विशेष रूप से भाग लिया। प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि आगामी 20 मई को देश की तमाम ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी हड़ताल होने जा रही है। जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा, सर्व कर्मचारी संघ, छात्रों, नौजवानों, मजदूरों और महिलाओं सहित रिटायर्ड कर्मचारी संघ भी बढ़चढ़ कर भाग लेगा। 20 मई को हड़ताल का जिलास्तरीय कार्यक्रम लघु सचिवालय पर सुबह 10 बजे शुरू होगा। नैन ने बताया कि गत 25 मार्च 2025 को संसद में एक ऐसा वित्त विधेयक पारित किया गया है जो रिटायर्ड कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के लाभों से वंचित करता है। आगामी 15 जुलाई को जिला स्तरीय धरने, प्रदर्शन होंगे। रिटायर्ड कर्मियों को आठवें वेतन आयोग के लाभ मिल सकें। पेंशन बढ़ाने, कम्यूटेशन 15 साल की बजाय 10 साल करने की मांग की।

## इंस्पेक्टर बने तारा चंद एसपी ने लगाए स्टॉर

**कैथल।** कार्यालय पुलिस अधीक्षक कैथल की इंग्लिश ब्रांच में कार्यरत तारा चंद को एसआई से इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोट होने पर एसपी आस्था मोदी ने स्टार लगा कर सम्मानित किया। प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने कहा कि प्रमोशन प्राप्त करने पर पुलिस कर्मचारियों के कंधों पर जिम्मेदारी बढ़ जाती है। प्रमोशन के साथ नई जिम्मेदारी मिलती है। इसलिए इस जिम्मेदारी को ईमानदारी और निष्ठा से निभाना। प्रमोशन पाने वाले इंस्पेक्टर तारा चंद ने कहा कि विभाग की ओर से जो भी काम दिया जाएगा उसे पूरी निष्ठा से किया जाएगा। प्रमोशन का पल कर्मचारी के लिए गर्व का पल होता है।

## पार्ट टाइम कर्मियों ने सौंपा ज्ञापन

- कर्मचारियों ने ज्ञापन में लंबित वेतन देने की मांग की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद ।सैलरी के लिए सौंपे गए ज्ञापन की प्रति दिखाते हुए। फोटो: हरिभूमि

किसान छात्र एकता संगठन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति निजी सहायक सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसमें विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी पार्ट टाइम कर्मचारियों को पिछले छह महीनों से वेतन नहीं मिलने की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। उप प्रधान अभिषेक जुलाना ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी पार्ट टाइम कर्मचारी, जिनकी मेहनत से विश्वविद्यालय का दैनिक कार्य संचालन संभव हो पाता है, छह महीने से वेतन के लिए तरस रहे हैं। महासचिव गोविंद सैनी ने कहा कि यह केवल आर्थिक शोषण नहीं बल्कि श्रम और सम्मान दोनों का अपमान है। शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो छात्र संगठन कर्मचारियों के साथ मिल कर निर्णायक आंदोलन करेंगे। इस मौके पर प्रथम, साहिल नरवाल, दीप गतौली, लोकेश, रवि चहल सहित अन्य छात्र नेता भी उपस्थित रहे। प्रथम और साहिल नरवाल ने प्रशासन से सभी पार्ट टाइम कर्मचारियों का लंबित वेतन तत्काल देने की मांग की। भविष्य में वेतन का नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

## डीइओ ने किया कुराड़ में स्कूल के नवनिर्मित कमरों का लोकार्पण

- समग्र शिक्षा योजना के तहत किया गया है निर्माण।



**कलायत।** कलायत के गांव कुराड़ स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में समग्र शिक्षा योजना से नवनिर्मित कमरों का जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट ने लोकार्पण किया। प्राचार्य प्रमोद कुमार, अधीक्षक सुरेश कौशिक, सुनील कुमार, डा.रामगोपाल शर्मा, संजय शर्मा, जसमेर सिंह, सुरेश देवी, हरजीत कौर, रेनू, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार, प्रवीण कुमार मौजूद रहे। रामदिया गागट ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए समग्र शिक्षा द्वारा भवन निर्माण करवाए जा रहे हैं। ताकि शिक्षा ग्रहण करने के दौरान कोई असुविधा न हो। इस क्रम में कुराड़ स्कूल को भी सौगात मिली। उन्होंने स्कूल का निरीक्षण किया व नए बनने वाले आठ कमरों के निर्माण कार्य को जानकारी ली। कार्यक्रम में एसएमसी प्रधान व सदस्यों ने भी भाग लिया।

## 'तपती धूप से गुजरती शिक्षा की डगर'

- बस सुविधा के अभाव में पैदल तय करनी पड़ रही 4 किमी. की दूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौद


राजौंद। गांव खुरडा की छात्राएं छुट्टी के बाद पैदल चलकर अपने गांव पहुंचती हुई।

गांव खुरडा में आज भी बस सुविधा न होने के कारण छात्र-छात्राओं को सबसे ज्यादा परेशानी जेलनी पड़ रही है। सर्दी गर्मी बरसात के मौसम में भी इन छात्र-छात्राओं को 4 किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ता है या फिर छात्र-छात्राओं को करनाल के गांव खेड़ी सरफअली तक बस में बैठकर वहां से फिर दो किलोमीटर पैदल चलकर अपने गांव पहुंचना पड़ता है। गांव खुरडा में केवल मिडिल तक का ही स्कूल है इससे आगे की शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्र-छात्राओं को राजौंद जाना पड़ता है। गांव से कोई भी निजी साधन व बस सुविधा न होने के कारण छात्र-छात्राओं को पैदल चलकर ही सफर तय करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग को बस सुविधा शुरू करने की मांग की, लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं की गई। कई बार मौसम में खराबी के चलते छात्र छात्राएं स्कूल भी नहीं पहुंच पाते। सबसे ज्यादा समस्या छात्राओं को झेलनी पड़ रही है।

## राजकीय कॉलेज व कंपनी के बीच एमओयू, हस्तारक्ष किए

- विद्यार्थियों को इंटरशिप, औद्योगिक प्रशिक्षण के मिलेंगे अवसर।


जींद। एमओयू के मौके पर मौजूद प्रोप्राइटर रामनिवास गोयल।

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक तथा गोयल स्टील एंड फर्नीचर इंडस्ट्रीज रोहतक रोड जींद के प्रोप्राइटर रामनिवास गोयल के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नियोजन अवसर, इंटर्नशिप, औद्योगिक प्रशिक्षण, आउटरीच प्रोग्राम्स, जॉब फेयर, सूचना प्रसारण एवं प्रेरणा देना है। सांझेदारी उद्योग और अकादमिक जगत के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगी। जिससे विद्यार्थियों को व्यावसायिक दृष्टिकोण प्राप्त होगा। इस अवसर पर प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि यह एमओयू हमारे छात्रों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण से जोडऩे में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे रोजगार योग्य कौशल और मार्गदर्शन

## 23 मई को होगा सीआरपी फेस्ट

- प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के बच्चे व अभिभावक होंगे शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। फेस्ट में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो: हरिभूमि

निपुण हरियाणा मिशन के एफएलएन कार्यक्रम के तहत कक्षा तत्परता कार्यक्रम के अंतर्गत 23 मई को जिले के सभी प्राथमिक और मिडिल विद्यालयों में एसएमएसी बैठक और पीटीएम के दौरान सीआरपी फेस्ट आयोजित होगा। शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा तत्परता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जो 23 मई तक चलेगा। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी अभिभावक अपने बच्चे की सीखी हुई दक्षताओं की जानकारी ले सकेंगे। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी शिक्षण सत्र के लिए मानसिक बौद्धिक और शैक्षणिक रूप से तैयार करना है। सीआरपी फेस्ट में सभी विषयों से संबंधित शैक्षणिक गतिविधियोंए मॉडलए चार्ट पोस्टर वर्कशीट और नवाचारों का अत्यंत मनोहारी प्रदर्शन किया जाएगा। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां न केवल उनकी सीखने की तत्परता को दर्शाएगी बल्कि उनमें निहित रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास की झलक भी देगी। रेडीनेस कार्यक्रम के तहत क्लस्टर अनुसार सभी विद्यालयों मे संबंधित सीआरसी, एबीआरसी, डाइट फेकल्टी निर्धारित समय अनुसार विद्यालयों का अवलोकन करते हुए स्टाफ सदस्यों और अभिभावकों को प्रेरित करेंगे। अध्यापक पिछली ऑब्जरवेशन के आधार पर दोहराई प्लान करेंगे। विद्यार्थियों में बुनियादी साक्षरता और गणित कौशल का विकास करता है और उन्हें स्कूल के वातावरण से सहज महसूस कराता है। बच्चे शिक्षकों के नेतृत्व में रोजाना खेल-खेल में कविता गान कहानी सुनाकर पढ़ाया जाएगा।

आरटीईः दस्तावेजों की जांच पूरी, समय बढ़ाने की जानकारी नहीं

# निजी स्कूलों में दाखिले की आवेदन तिथि समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निःशुल्क व अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत जरूरतमंद विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख समाप्त हो चुकी है। अभी ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ाने को लेकर कोई अपडेट नहीं आया है। दस्तावेजों की जांच का कार्य भी लगभग पूरा हो चुका है। जींद ब्लॉक में आरटीई के तहत एक हजार से अधिक आवेदन आए हैं।

मौलिक शिक्षा हरियाणा के निदेशालय ने चार बार ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ाई थी। शुरुआत में पहले ऑनलाइन आवेदन की तारीख 15 अप्रैल से लेकर 19 अप्रैल थी। जिसे दूसरी बार बढ़ाकर 25 अप्रैल तक कर दिया गया था। फिर ऑनलाइन आवेदन की तारीख 25 अप्रैल से बढ़ा कर 30 अप्रैल तक कर दी गई है। इसके बाद एक मई तक आवेदन की तारीख को बढ़ा दिया गया था। जिस मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालय के पास 25 प्रतिशत सीटों से अधिक ऑनलाइन दाखिले फ ार्म प्राप्त होंगे तो जिला स्तरीय कमेटी अभिभावको की उपस्थिति में ड्रा निकालना सुनिश्चित करेंगे।

जिले के विभिन्न स्कूलों ने आरटीई के तहत नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्ष में कुल 2341 सीट दर्शाई हैं। इसमें से नर्सरी कक्षा में 1908, एलकेजी कक्षा में 40, यूकेजी कक्षा में 60 और ग्रेड 1 में 324 सीट शामिल हैं। अधिक जानकारी के लिए अभिभावक विभागीय वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं किसी भी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 0172.5049801 पर सुबह नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक सभी कार्य दिवस के दौरान संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिन मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में बच्चे वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में पहले से पढ़ रहे हैं, वे स्कूल उन विद्यार्थियों को अगली कक्षा में अपग्रेड करेंगे। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में जरूरतमंद विद्यार्थियों के दाखिले केवल नर्सरी, केजी और प्रथम कक्षा में दिए जाएंगे।

ऑनलाइन आवेदन की तारीख समाप्त होने के बाद संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी जमा कराए गए दस्तावेजों की पुष्टि उपरांत आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करेगें। सत्यापन करने की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से होगी। सत्यापन प्रक्रिया के उपरांत जिन आवेदनों की पुष्टि या जांच सही पाई जाएगी, उन आवेदनों की सूची को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा। इसके बाद अभिभावकों को विद्यार्थियों के दाखिले से संबंधित दस्तावेज संबंधित विद्यालयों में दाखिले के समय जमा करवाने होंगे।



### अभी दाखिले का नहीं आया शेड्यूल : डा. सुभाष

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी डा. सुभाष वर्मा ने बताया कि जैसे ही कोई शेड्यूल आता है तो अभिभावकों को सूचित कर दिया जाएगा। दस्तावेजों की जांच का कार्य भी चल रहा हैए जो पूरा होने को है। आरटीई के तहत दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख समाप्त हो चुकी है। अभी आगामी दाखिला को लेकर शेड्यूल नहीं आया है।